तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन रीजनल काउंसलर रोएना सैन्टोस को, स्टैंडिंग कमेटी ऑन म्युनिसिपल फाइनेंस एंड इंटरगवर्नमेंटल अरेंजमेंट्स के, एफ.सी.एम. के 2020-2021 के वाइस-चेयर के तौर पर नियुक्त किया गया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (13 नवंबर, 2020) – आज, फेडरेशन ऑफ कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज (एफ.सी.एम.) (Federation of Canadian Municipalities) (FCM) ने घोषणा की कि ब्रैम्पटन रीजनल काउंसलर रोएना सैन्टोस (Rowena Santos) को, एफ.सी.एम. (FCM) के प्रेजिडेंट गार्थ फ्रिज़ल (Garth Frizzell) द्वारा, *स्टैंडिंग कमेटी ऑन म्युनिसिपल फाइनेंस एंड इंटरगवर्नमेंटल अरेंजमेंट्स (Standing Committee on Municipal Finance and Intergovernmental Arrangements)* के, 2020-2021 के वाइस-चेयर के तौर पर नियुक्त किया गया है। काउंसलर सैन्टोस, सिटी ऑफ सस्काटून (City of Saskatoon) के लिए, वार्ड 7 की काउंसलर, कमेटी चेयर मैरिन लोवेन (Mairin Loewen) के साथ साझेदारी करेंगे।

एफ.सी.एम. की स्टैंडिंग कमेटियां, विस्तृत चर्चा को आसान बनाती हैं और एफ.सी.एम. बोर्ड को, प्राथमिकता संबंधी नीति और प्रोग्राम मुद्दों पर सलाह प्रदान करती हैं। स्टैंडिंग कमेटियों को अपने चेयर्स और वाइस-चेयर्स में मज़बूत लीडरशिप की जरूरत होती है, जो यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी कमेटी मेम्बरों को केंद्रित और लाभदायक चर्चाओं में शामिल होने का अवसर मिलता है, कमेटियों का, उनके अध्यादेश से संबंधित मुद्दों और कार्यनीतियों पर, सलाह-मश्विरे के बारे में मार्गदर्शन करें। हर कमेटी, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (Board of Directors) की मीटिंग्स में, साल में तीन बार एकत्र होती है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज और हमारे फेडरल साझेदारों के साथ, साझेदारियों को अधिक मज़बूत बनाने पर ध्यान देती है। यह ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए मुख्य प्राथमिकताओं की हिमायत करना जारी रखेगी, जिनमें शामिल हैं, इंफ्रास्ट्रक्चर, जलवायु परिवर्तन और बाढ़ को कम करना, ट्रांज़िट का विस्तार, हुरोनटैरियो-मेन स्ट्रीट एल.आर.टी. (Hurontario-Main St. LRT) और कोविड-19 (COVID-19) संबंधी राहत।

अक्तूबर 2020 में, काउंसलर सैन्टोस को एक वर्ष की टर्म के लिए, फेडरेशन ऑफ कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (Federation of Canadian Municipalities Board of Directors) के लिए चुना गया था।

एफ.सी.एम., 1901 से कैनेडा की म्युनिसिपल सरकार की राष्ट्रीय आवाज़ रही है। इसके मेम्बर्स में कैनेडा के शहरों और ग्रामीण समुदायों से लेकर, उत्तरी समुदायों और 20 प्रांतीय और इलाके की म्युनिसिपल एसोसिएशन्स तक, हर आकार की 2,000 से अधिक म्युनिसिपल्टीज शामिल हैं। इकट्ठे मिलकर, वे तीनों तरफ के तटों के सभी कैनेडा निवासियों की 90 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। हर वर्ष, पूरे कैनेडा के म्युनिसिपल लीडर, मुख्य मुद्दों पर एफ.सी.एम. की नीति तय करने के लिए इकट्ठे होते हैं।

ब्रैम्पटन की सिटी काउंसिल (City Council) की कार्रवाईयां और टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरटीज (Term of Council Priorities) तीनों तरफ के तटों की कई कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं, जिनमें शामिल हैं, वहनीय घर, ट्रांज़िट, जलवायु

संबंधी कार्रवाई, विविधता का जश्न मनाना और एंटी-जातिवाद नीति लागू करना और सुरक्षित रूप से अर्थव्यवस्था को दुबारा शुरू करने के लिए कारोबारियों और समुदायों के लिए कोविड-19 संबंधी मदद।

**हवाले**

"कैनेडा के सबसे अधिक तेज़ी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, हम जो भी करते हैं, उसका मुख्य क्रेंद लोग हैं। हमारे निवासी, देश में सबसे अधिक युवा और सबसे अधिक विविध हैं, जो पूरे कैनेडा और इससे बाहर भी निवेश को आकर्षित करने के लिए बेहद प्रतिभावान कार्यबल है। मैं, म्युनिसिपल फाइनैंस एंड इंटरगवर्नमेंटल अरेंजमेंट्स की वाइस-चेयर के तौर पर काम करने के लिए उत्साहित हूं, ताकि कैनेडियन म्युनिसिपल्टीज और फेडरल सरकार के बीच में मज़बूत रिश्ते को और मज़बूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। इस वर्ष, कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए, हमने स्पष्ट तौर पर देखा है कि अधिक सहयोग से, हमारे समुदायों के लिए बेहतर नतीजे निकल सकते हैं।"

– *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन; मेम्बर, एफ.सी.एम. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स*

"ब्रैम्पटन के सबसे बड़े और सबसे अधिक महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों को, सरकार के सभी महकमों के साथ साझेदारी में संयुक्त रूप से फंड किया जा रहा है। जब ट्रांज़िट, बाढ़ को कम करने या सेफ रीस्टार्ट एग्रीमेंट की बात आती है, तो हम जानते हैं कि हमारे फेडरल साझेदारों के साथ मज़बूत सहयोग से, ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए बेहतर नतीजे निकलते हैं। काउंसिल की ओर से, मुझे खुशी है कि काउंसलर सैन्टोस को इस पद पर हमारी सिटी की सेवा करने के लिए नियुक्त किया गया है, जब हम परिवारों, कारोबारियों और कैनेडा की आर्थिक बहाली में मदद के लिए साझेदारी कर रहे हैं, जिसमें ब्रैम्पटन ने मुख्य योगदान दिया है।"

– *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca